केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात के अहमदाबाद में अहमदाबाद नगर निगम के विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया

सेना की क्षमता, खुफिया एजेन्सियों की सटीक जानकारी और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति ने पाकिस्तान में आतंकवादियों के अड्डों को मिट्टी में मिला दिया

ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान की सेना और आतंकवाद का गठबंधन एक्सपोज हो गया

आतंकियों के जनाजे में पाकिस्तानी सेना के वरिष्ठ अधिकारी की उपस्थित से पाकिस्तानी सेना और आतंकवाद का गठबंधन पूरी दुनिया के सामने आ गया

पाकिस्तान से बातचीत केवल PoK और आतंकवाद पर होगी

ऑपरेशन सिंदूर के बाद मोदी जी ने स्पष्ट कर दिया था कि सिंधु का पानी और खून एकसाथ नहीं बह सकते

विगत 11 वर्षों में मोदी जी ने भारत के विकास की एक मजबूत नींव रखने के साथ-साथ सेनाओं की सुसज्जता और सीमाओं की रक्षा का नया इतिहास रचा है

हाफिज़ सईद, मसूद अजहर और कई आतंकवादी जो पाकिस्तान में पनाह लिए हुए थे, उनके ठिकानों को ध्वस्त करने का काम वीर जवानों ने किया

जब भी देश और सरहदों को सुरक्षित रखने का इतिहास लिखा जायेगा, तब ऑपरेशन सिंदूर का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा

आज 1,550 करोड़ रुपए से अधिक लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास एक साथ हो रहा है, आज 1,070 से ज्यादा परिवारों का खुद के घर का सपना पूरा हो रहा है

प्रविष्टि तिथि: 18 MAY 2025 8:41PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने अहमदाबाद, गुजरात में अहमदाबाद नगर निगम के विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेन्द्र पटेल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने बिहार में देश की जनता से वादा किया था कि आतंकवादियों के ठिकानों को मिट्टी में मिलाने का काम भारतीय सेना करेगी। कुछ ही दिनों में प्रधानमंत्री मोदी जी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, सेना के पराक्रम, हमारी खुफिया एजेन्सियों की सटीक जानकारी और सेना की मारक क्षमता ने पाकिस्तान के आतंकवादियों के नौ ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया। उन्होंने कहा कि पहले सर्जिकल स्ट्राइक, फिर एयरस्ट्राइक और हमारे देश की महिलाओं के माथे से सिंदूर मिटाने वाले आतंकवादियों का खात्मा कर मोदी सरकार ने आतंकियों को करारा जवाब दिया है। श्री शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने कई प्रकार की समस्याओं का एकसाथ जवाब दे दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पूरी दुनिया से कहता था कि उसके यहां कोई आतंकवादी और आतंकी गतिविधि नहीं है। लेकिन जब ऑपरेशन सिंदूर के तहत हमारी मिसाइल वहां गिरी और आतंकवादियों का सफाया हुआ, तब पाकिस्तान पूरी दुनिया के सामने एक्सपोज़ हो गया।आतंकियों के जनाज़े के समय जब पाकिस्तानी सेना के वरिष्ठ अधिकारी वहां उपस्थित थे, तब पाकिस्तानी सेना, पाकिस्तान और आतंकवाद - तीनों का गठबंधन पूरी दुनिया के सामने खुल गया और दुनिया को पता चल गया कि पाकिस्तान में आतंकियों के अड्डे हैं।

श्री अमित शाह ने कहा कि सर्जिकल और एयर स्ट्राइक, PoK तक सीमित थी लेकिन ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान में 100 किलोमीटर अंदर तक आतंकवादियों का खात्मा करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद प्रधानमंत्री मोदी जी ने देश को अपने संबोधन में स्पष्ट कर दिया कि सिंधु का पानी और खून एकसाथ नहीं बह सकते। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने बता दिया कि अगर आतंकवाद बंद नहीं हुआ तो सिंधु नदी का एक बूंद पानी भी नहीं मिलेगा। व्यापार और आतंकवाद एकसाथ नहीं चल सकते, अगर आतंकवाद को आसरा देना है तो सभी व्यापार को समाप्त कर दिया जाएगा। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने पूरी दुनिया के सामने यह भी स्पष्ट कर दिया कि हम पाकिस्तान के साथ बातचीत के लिये तैयार हैं, लेकिन बातचीत Pak Occupied Kashmir (PoK) वापिस लेने और आतंकवाद के खात्मे के लिए होगी। उन्होंने कहा कि हमारी सशस्त्र सेनाओं के शौर्य, खुफिया एजेंसियों की सटीकता और प्रधानमंत्री मोदी जी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति को आज 140 करोड़ देशवासी सलाम कर उसकी प्रशंसा कर रहे हैं। दशकों से चले आ रहे आतंकवाद को देश और गुजरात के सपूत मोदी जी ने जिस प्रकार जवाब दिया है वह हम सबके लिए गर्व का विषय है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने भारत को 2047 तक विश्व में हर क्षेत्र में सर्वोचत्व स्थान पर स्थापित का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के विकास की एक मजबूत नींव तो रखी ही है, साथ ही देश की सुरक्षा, सेनाओं की सुसज्जता और सीमाओं की रक्षा का भी एक नया इतिहास रचने का काम किया है। हमारी ब्रह्ममोस मिसाइल्स ने पाकिस्तान के एयरबेस को ध्वस्त करने का काम किया। श्री शाह ने कहा कि हाफिज़ सईद, मसूद अजहर और कई आतंकवादी जो पाकिस्तान की पनाह लिए हुए थे, उनके ठिकानों को समाप्त करने का काम भारत की सेना के वीर जवानों ने किया है और इसके लिये, पूरा देश सेना के जवानों के सामने नतमस्तक है। उन्होंने कहा कि जब भी देश और सरहदों को सुरक्षित रखने का इतिहास लिखा जायेगा, तब ऑपरेशन सिंदूर का नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखा जायेगा।

श्री अमित शाह ने कहा कि आज यहां 1550 करोड़ रुपए से अधिक लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास एक साथ हो रहा है। इन कार्यों में 31 लोकार्पण, 60 शिलान्यास और तीन परिसरों में 1070 से ज्यादा परिवारों को घर देना शामिल है। उन्होंने कहा कि आज यहां खादी ग्रामोद्योग द्वारा भी कई रोज़गारोन्मुखी योजनाओं के तहत लाभार्थियों को लाभ मिला है। साथ ही पल्लव ओवरब्रिज का भी उद्घाटन हुआ है जिससे होकर डेढ़ लाख वाहन बिना किसी सिग्नल और ट्रैफिक के अपने गंतव्य पर जा सकेंगे। श्री शाह ने कहा कि पूरे अहमदाबाद में करोड़ों रूपये के खर्च से जल वितरण केन्द्र, बारिश के पानी की निकासी के लिए पाइप लाइन, 237 करोड़ का साबरमती - चांदखेड़ा रेलवे ओवरब्रिज, 131 करोड़ के खर्च से साबरमती नदी पर डेकोरेटिव लाइटिंग थीम और 38 करोड़ के खर्च से कई ओवरब्रिज के नीचे स्पोर्टस एक्टिविटीज़ का कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि इसी तरह पूर्व और पश्चिम में भी 38 करोड़ के पीएम आवास योजना घरों के निर्माण, जल विद्युत स्टेशन, पंचवटी जंक्शन पर फ्लाईओवर, वटवा में 44 करोड़ का जल वितरण स्टेशन, निकोल में 38 करोड का जल वितरण स्टेशन और वासणा में 34 करोड़ का जल वितरण स्टेशन शुरू हुआ।

श्री अमित शाह ने कहा कि आज यहां इलेक्ट्रॉनिक पॉटर व्हील, सिलाई मशीन, लेदर टूल किट, कच्ची घानी के तेल की मशीन, अगरबत्ती बनाने की ऑटोमैटिक मशीन के माध्यम से करीब 1000 से ज्यादा लाभार्थियों को रोजगार संबंधी सुविधा देने का काम भी खादी ग्रामोद्योग ने किया है। उन्होंने कहा कि हम सभी ने पिछले छह साल में ग्रीन गांधीनगर लोकसभा मिशन के तहत हर बारिश में लाखों की संख्या में पेड़ लगाने का अभियान चलाया है। उन्होंने क्षेत्र के सभी युवाओं से अनुरोध किया कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने एक पेड़ मां के नाम लगाकर अपनी मां के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की, उसी प्रकार एक पेड़ मां के नाम लगाकर उसे बड़ा करने का कार्य अहमदाबाद के हर नौजवान को करना है।मां की स्मृति में लगाया गया पेड़ धरती माता के प्रति ऋण उतारने का काम भी करेगा। श्री शाह ने कहा कि अहमदाबाद म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन ने 40 लाख पेड़ लगाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि अगर सभी नागरिक कम से कम एक पेड़ लगाने का काम करे, तो आने वाले दिनों में अहमदाबाद में ग्लोबल वॉर्मिंग का प्रभाव आधे से भी कम करने में सफलता प्राप्त हो सकती है।

******

आरके / वीवी / आरआर / पीआर

(रिलीज़ आईडी: 2129502)
इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English